
केवल आंतरिक वितरण हेतु

# सृजन

जून, 2024

THE RAJASTHAN URBAN CO-OPERATIVE BANKS FEDERATION LTD
JAIPUR




नई केन्द्र सरकार में आपको पुनः सहकारिता मंत्रालय मिलना हमारे लिये गौरव की बात है।

## हमें पूर्ण विश्वास है कि

आपके कुशल नेतृत्व में देश का सहकारी आंदोलन तीव्र गति से प्रगति करके उन्नति के नये कीर्तिमान स्थापित करेगा

# अध्यक्षीय संदेश



कोरपोरेट गवर्नेंस किसी भी संस्थान के सभी हितधारकों के हितों को सुरक्षित रखने की प्रबंधकीय व्यवस्था है। यह बैंक के नियमों, प्रथाओं और प्रक्रियाओं की संरचना है तथा बैंक का निदेशक मंडल इसे प्रभावी करने वाली प्राथमिक शक्ति है। प्रभावी कार्य सम्पादन के लिये बैंकों के संचालकों, बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट के सदस्यों को कोरपोरेट गवर्नेंस की विस्तृत जानकारी अपेक्षित है।

नेशनल फैडरेशन के सौजन्य एवं भारतीय रिजर्व बैंक के सहयोग से राज्य के अरबन को–ऑपरेटिव बैकों के संचालकगण, बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट के सदस्यों, मुख्य कार्यकारी अधिकारियों की एक दिवसीय वर्कशॉप राज्य में आयोजित हो रही हैं। ऐसी वर्कशॉप जोधपुर में दिनांक 15 मई, 2024 को तथा उदयपुर में 31 मई, 2024 को आयोजित हो चुकी हैं। आगामी वर्कशॉप में 20 जुलाई, 2024 को कोटा में आयोजित होने जा रही है। ऐसी अंतिम वर्कशॉप जयपुर में सम्पन्न होगी जिसके लिये भारतीय रिजर्व बैंक के जयपुर क्षेत्रीय कार्यालय के क्षेत्रीय निदेशक से समय लेने का प्रयास किया जा रहा है।

हम सभी भलीभांति परिचित हैं कि अरबन को–ऑपरेटिव बैंकों के सुचारू संचालन में संचालकों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है एवं नीतिगत निर्णय बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट में अथवा इनकी सिफारिश पर संचालक मंडल में लिये जाते हैं। इस एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला में पूरा फोकस संचालकों से संबंधित विषयों पर ही रहता है जिसे बहुत उपयोगी पाया गया है।

हमारे लिये हर्ष का विषय है कि टैफकब में जिन कमजोर बैंकों पर विचार होता था उनमें से बारां, नागौर एवं राजसमंद बैंकों ने सुधारात्मक उपाय अपनाते हुए स्वयं को कमजोर बैंक की श्रेणी से बाहर कर लिया है। हमें आशा है कि इस तिमाही में 2–3 बैंक और टैफकब के दायरे से बाहर हो जायेंगी।

इन्हीं शुभकामनाओं के साथ!

जय सहकार!

मोहन पाराशर

फैडरेशन की मासिक समाचार–पत्रिका ''सृजन'' के माह अप्रैल, 2024 के अंक से फैडरेशन के संचालकों का प्रोफाईल विवरण एक–एक करके ''हमारे संचालक'' शीर्षक से प्रकाशित किया जा रहा है।

# ''हमारे संचालक''



## श्री राजेश कृष्ण बिरला
## अध्यक्ष
## कोटा नागरिक सहकारी बैक लि., कोटा

| | | |
|---|---|---|
| 1 | नाम | श्री राजेश कृष्ण बिरला |
| 2 | पिता का नाम | श्री श्रीकृष्ण बिरला |
| 3 | निवास | 2–न–22, दादाबाड़ी, कोटा–324009 |
| 4 | वाट्सएप मोबाईल नंबर | 9829035812 |
| 5 | ईमेल – कार्यालय एवं व्यक्तिगत | rajeshkrishnabirla@gmail.com, |
| 6 | शैक्षणिक व तकनीकी योग्यता | एम.ए., एल.एल.बी. |
| 7 | जन्मतिथि | 03.12.1953 |
| 8 | अरबन बैंक से जुड़ाव कब से है | सन् 1992 से 1995 तक कोटा नागरिक सहकारी बैंक लि. में डॉयरेक्टर पद पर तथा जुलाई–2015 से निरंतर अध्यक्ष पद पर कार्यरत हैं।<br>दी राजस्थान अरबन कॉपरेटिव बैंक्स फेडरेशन लि., जयपुर में संचालक के पद पर कार्यरत हैं। |
| 9 | सामाजिक गतिविधियां | वर्तमान में आप अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा के उपसभापति (पश्चिमांचल) के पद पर, माहेश्वरी प्रगति मंडल दादाबाड़ी कोटा एवं श्री माहेश्वरी समाज कोटा के अध्यक्ष पद पर।<br>इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी राजस्थान स्टेट ब्रांच, जयपुर, कोटा यूनिट के चेयरमेन पद पर एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य ।<br>श्री हितकारी विद्यालय सहकारी शिक्षा समिति लि., कोटा में एक्जीक्यूटिव डॉयरेक्टर के पद पर और श्री भारतेन्दु समिति कोटा में समन्वयक के पद पर |

# शुभकामना संदेश

## बैंक के स्थापना दिवस पर
## हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।



**बूंदी अरबन को–आपरेटिव बैंक**
**– 01 जून, 2024 को 37वां स्थापना दिवस**

**उदयपुर महिला समृद्धि अरबन को–आप. बैंक**
**– 12 जून, 2024 को 30वां स्थापना दिवस**

**भीलवाड़ा अरबन को–आपरेटिव बैंक**
**– 15 जून, 2024 को 38वां स्थापना दिवस**



महिला समृद्धि बैंक की 30 वीं आम सभा 900 से अधिक सदस्याओं की उपस्थिति में सम्पन्न।
उत्कृष्ठ कार्यों हेतु संचालक मण्डल ने आमसभा में किया मुख्यकार्यकारी अधिकारी श्री विनोद चपलोत का सम्मान।

दि उदयपुर महिला समृद्धि अरबन को–ऑपरेटिव बैंक की 30वीं आम सभा 23 जून को सुखाड़िया रंगमंच टाउन हॉल में बैंक अध्यक्ष श्रीमती किरण जैन की अध्यक्षता में आयोजित हुई। सभा में 900 से अधिक सदस्यों की उपस्थिति रही।

*फैडरेशन की ओर से हार्दिक बधाई।*

## राजस्थान फैडरेशन कार्यालय में नेशनल फैडरेशन अध्यक्ष श्री लक्ष्मीदास का अभिनन्दन







नेशनल फैडरेशन ऑफ अरबन को–ऑपरेटिव बैंक्स एण्ड क्रेडिट सोसायटीज (नेफकब) के अध्यक्ष श्री लक्ष्मीदास ने 26 जून को जयपुर में टैफकब की बैठक के बाद राजस्थान फैडरेशन कार्यालय में आगमन होने पर फैडरेशन अध्यक्ष श्री मोहन पाराशर, मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री एम.एल.शर्मा, प्रबंधक श्री प्रहलाद गुप्ता एवं एक्जीक्यूटिव श्री भुवनेश अग्रवाल द्वारा पुष्पवर्षा एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।



दि राजस्थान अरबन को–ऑपरेटिव बैंक्स फैडरेशन लि., जयपुर का 38वां स्थापना दिवस

# अरबन बैंकों की समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जायेगा
## – सहकारिता मंत्री









राजस्थान के सहकारिता मंत्री गौतम कुमार दक ने कहा कि राज्य की अरबन को–ऑपरेटिव बैंकों के कार्यों में बाधक समस्याओं का शीघ्र निपटारा किया जायेगा। यह बात श्री दक ने दि राजस्थान अरबन को–ऑपरेटिव बैंक्स फैडरेशन लि., जयपुर के स्थापना दिवस पर 18 जून को होटल गोल्डन ट्यूलिप, एम.आई.रोड, जयपुर में आयोजित समारोह में कही। श्री गौतम ने कहा कि राज्य के शहरी क्षेत्रों में अरबन को–ऑपरेटिव बैंकों का बहुत बड़ा योगदान है। ये बैंकें स्थानीय नागरिकों, वरिष्ठजनों से उनकी बचतों की राशि एकत्रित करती हैं तथा इस राशि की सुरक्षा एवं ब्याज के रूप में आकर्षक प्रतिफल प्रदान करती हैं जिससे उन्हें आर्थिक स्वतंत्रता प्राप्त होती है। उन्होंने आगे कहा कि इस राशि का ऋण प्रदान कर राज्य के विकास में ही उपयोग किया जाता है जिससे स्वरोजगार को बढ़ावा मिलता है क्योंकि ये बैंकें छोटे–छोटे व्यवसाईयों की छोटी–छोटी मांगों को पूरा करती हैं। उनके विभाग के अधिकारी सहकारी संस्थाओं के हित में कार्य करने को सदैव तत्पर रहते हैं। कोई भी समस्या हो, उनके ध्यान में लावें, वे अपने स्तर से उनका समाधान कराने का पूर्ण प्रयास करेंगे। ।

समारोह में राज्य के जल संसाधन मंत्री कन्हैया लाल चौधरी भी विशेष रूप से उपस्थित थे, उन्होंने कहा कि उनके विभाग ''जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग'' से संबंधित यदि किसी सहयोग की आवश्यकता होगी तो वे पूर्ण सहयोग करेंगे।

समारोह के विशिष्ट अतिथि राज्य सभा सांसद एवं फैडरेशन के पूर्व अध्यक्ष राजेन्द्र गहलोत ने अरबन बैंकों की समस्याओं की विस्तृत जानकारी दी तथा सहकारिता मंत्री गौतम कुमार दक से उनका समाधान करने का आग्रह किया।

फैडरेशन अध्यक्ष मोहन पाराशर ने सहकारिता मंत्री गौतम कुमार दक, जल संसाधन मंत्री कन्हैया लाल चौधरी एवं राज्य सभा सांसद राजेन्द्र गहलोत का शॉल ओढ़ाकर व माल्यार्पण कर अभिनंदन किया। उन्होंने फैडरेशन के स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर पधारने के लिये सभी महानुभावों का धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने बताया कि फैडरेशन राज्य के सभी अरबन को–ऑपरेटिव बैंकों की अग्रणी शीर्ष संस्था है। राज्य में 34 अरबन को–ऑपरेटिव बैंक उनकी 236 शाखाओं के साथ कार्यरत हैं। समग्र रूप से बैकों की अमानतें 8500 करोड़ रूपये की है जो जनता के विश्वास की परिचायक है। बैंकों द्वारा रू. 4800 करोड़ की राशि ऋण के रूप में वितरित की हुई है।

उन्होंने आशा व्यक्त की कि जिस तरह से केन्द्र सरकार में सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह सहकारिता आंदोलन को बढ़ावा देने के लिये हर संभव प्रयास कर रहे हैं उसी प्रकार राजस्थान में श्रीमान गौतम कुमार दक साहब के नेतृत्व में सहकारी संस्थाएं फलेंगी–फूलेंगी एवं राज्य के अरबन को–ऑपरेटिव बैंक ''सहकार से समृद्धि'' परिकल्पना को साकार करेंगे।

अंत में फैडरेशन उपाध्यक्ष सतीश सरीन ने सभी का आभार व्यक्त किया एवं अरबन को–ऑपरेटिव बैंकों की स्थानीय समाज के प्रति प्रतिबद्धता को दोहराया।

# स्थापना दिवस की झलकियां














n Urban
Fed. Ltd.,


दिवस - 18







## दि राजस्थान अरबन को–ऑपरेटिव बैंक्स फैडरेशन लि., जयपुर

### माह जून, 2024 में फैडरेशन स्तर पर सम्पन्न मुख्य गतिविधियां –

- 2 जून को फैडरेशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा भीलवाड़ा अरबन को–ऑपरेटिव बैंक द्वारा आयोजित प्रशिक्षण सत्र को सम्बोधित किया। सभी उपस्थित कार्मिकों को यह संदेश दिया गया कि भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा इस बैंक को नीचे के पायदानों में वर्गीकृत किया हुआ है जो इस बैंक के पुराने गौरवशाली इतिहास को देखते हुए सभी के लिये विचारणीय है। हमारे सभी के सम्मिलित प्रयासों से ही बैंक पुनः समर्थ हो सकेगा।

- भारतीय रिजर्व बैंक, जयपुर द्वारा आयोजित 41वीं राज्य स्तरीय कार्यदल की बैठक दिनांक 26 जून, 2024 के कम में संबंधित बैंकों से यह चाहा गया कि वे उनके किये गये प्रयासों से फैडरेशन को अवगत करावें जिससे फैडरेशन द्वारा उनके बैंक का पक्ष मजबूती से प्रस्तुत किया जा सके।

- 6 जून को उप–महाप्रबंधक, पर्यवेक्षण विभाग, भारतीय रिजर्व बैंक को अंकेक्षक की नियुक्ति के मामले में भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशों के अनुसार एक अंकेक्षक को लगातार 3 वर्ष के लिये नियुक्त करना होगा जबकि राज्य सहकारी विभाग के निर्देशों के अनुसार एक अंकेक्षक लगातार अधिकतम 2 वर्ष के लिये नियुक्त किया जा सकेगा। इस प्रकार यह विषय विरोधाभासी हो गया है जिसे स्पष्ट करने हेतु भारतीय रिजर्व बैंक का हस्तक्षेप आवश्यक हो गया है, अतएव इस विरोधाभास को दूर करने बाबत विषय को 26 जून को होने वाली टैफकब की मीटिंग में भी सम्मिलित किया जाने हेतु निवेदन किया गया।

- उपरोक्त वर्णित विरोधाभास को दूर करने हेतु संयुक्त मुख्य अंकेक्षक(जनरल) को भी यह निवेदन किया गया कि इस बाबत संशोधित दिशानिर्देश जारी करावें, साथ ही भारतीय रिजर्व बैक को निवेदन किया जावे कि जब तक नवीन निर्देश जारी न हों, तब तक अरबन को–ऑपरेटिव बैंकों के लिये एक फर्म की लगातार नियुक्ति अधिकतम 2 वर्ष के लिये सीमित करें।

- 7 जून को भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा मौद्रिक नीति से संबंधितजारी द्विमासिक मंथली स्टेटमेंट सभी बैंकों को भिजवाया गया।

- 10 जून को पत्र द्वारा सभी सदस्य बैंकों को मंहगाई भत्ते की गणना हेतु पुरानी ग्रेड से वेतन पाने के लिये जयपुर सूचकांक एवं नई ग्रेड से वेतन पाने वालों के लिये आल इंडिया प्राईस इंडेक्स के अनुसार अप्रैल से जून तक के लिये देय मंहगाई भत्ते की दर की गणना कर भिजवाई।

- सभी सदस्य बैंकों को बैंक का व्यवसाय बढ़ाने के लिये रणनीति तैयार करने की सलाह दी गई एवं ''विकासोन्मुख कार्य योजना'' पर आगामी साधारण सभा एवं संचालक मंडल की बैठक में विस्तृत विचार–विमर्श कर अंतिम रूप प्रदान करें जिससे बैंक कम से कम वित्तीय वर्ष 2024–25 में एक पायदान ऊपर की ओर अग्रसर हो सके।

- 18 जून को प्रातः 11–30 बजे फैडरेशन के संचालक मंडल की बैठक होटल गोल्डन ट्यूलिप, एम.आई.रोड, जयपुर में आयोजित हुई। बैठक में फैडरेशन के वर्ष 2023–24 के अंतिम लेखों का अनुमोदन किया गया, वर्ष 2023–24 के दौरान हुए आय–व्यय का अवलोकन कर 2024–25 के बजट को स्वीकृति प्रदान की गई तथा फैडरेशन के उप–नियमों में वांछित संशोधनों को स्वीकृति प्रदान की गई। इसी दिन अपरान्ह फैडरेशन का 38वां स्थापना दिवस मनाने एवं राज्य के सहकारिता मंत्री श्री गौतम कुमार दक को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित करने के निर्णय पर हर्ष व्यक्त करते हुए सहकारिता मंत्री को अरबन बैंकों की समस्याओं के समाधान हेतु दिये जाने वाले 2 पत्रों का अवलोकन कर सर्वसम्मति से सहमति प्रदान की गई।

- फैडरेशन के उपाध्यक्ष श्री सतीश सरीन का राज्य के मुख्यमंत्री कार्यालय में जन समन्वय अधिकारी के पद पर नियुक्त होने पर सभी उपस्थित महानुभावों द्वारा बधाई दी गई तथा माल्यार्पण कर अभिनंदन किया गया। यह आशा व्यक्त की गई कि उनकी यह नियुक्ति अरबन बैंकिंग सेक्टर के लिये हितकारी होगी।

- संचालक मंडल की बैठक सम्पन्न होने के बाद राज्य के अरबन बैंकों से आये सभी अध्यक्ष, मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं अन्य अधिकारियों द्वारा आपसी विचार–विमर्श किया गया जिसमें सहकारिता मंत्री महोदय को दिये जाने वाले दोनों पत्रों की जानकारी दी गई।

- 18 जून को ही अपरान्ह 4–30 बजे फैडरेशन का 38वां स्थापना दिवस मनाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि श्री गौतम कुमार दक, सहकारिता मंत्री के साथ श्री कन्हैयालाल चौधरी, जल संसाधन मंत्री तथा विशिष्ट अतिथि राज्य सभा सांसद श्री राजेन्द्र गहलोत, फैडरेशन अध्यक्ष श्री मोहन पाराशर एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री एम.एल.शर्मा ने दीप प्रज्जवलित कर समारोह का श्रीगणेश किया।

- प्रारंभ में सहकारिता मंत्री श्री गौतम कुमार दक, जल संसाधन मंत्री श्री कन्हैयालाल चौधरी एवं राज्य सभा सांसद श्री राजेन्द्र गहलोत का शॉल ओढ़ा कर पुष्पगुच्छ व माल्यार्पण से अभिनंदन किया गया। बाद में समारोह में आये सभी महानुभावों ने भी सहकारिता मंत्री महोदय का माल्यार्पण एवं पुष्प गुच्छ से अभिनंदन किया।

- समारोह में फैडरेशन अध्यक्ष श्री मोहन पाराशर ने फैडरेशन एवं राज्य के अरबन को–ऑपरेटिव बैंकों की जानकारी दी। समारोह के विशिष्ट अतिथि एवं फैडरेशन के पूर्व अध्यक्ष, राज्य सभा सांसद श्री राजेन्द्र गहलोत ने अरबन बैंकों की समस्याओं से अवगत कराया तथा सहकारिता मंत्री गौतम कुमार दक से उनका समाधान करने का आग्रह किया। जल संसाधन मंत्री श्री कन्हैयालाल चौधरी ने उनके विभाग से संबंधित सहयोग का आश्वासन दिया। मुख्य अतिथि सहकारिता मंत्री श्री गौतम कुमार दक ने अरबन को–ऑपरेटिव बैंकों के कार्यों में आ रही बाधक समस्याओं का शीघ्र समाधान करने का आश्वासन दिया।

- 19 जून को राज्य सरकार द्वारा माननीय मुख्यमंत्री महोदय की अध्यक्षता में आयोजित बजट चर्चा बैठक में फैडरेशन अध्यक्ष श्री मोहन पाराशर, उपाध्यक्ष श्री सतीश सरीन, चित्तौड़ बैंक के अध्यक्ष श्री आई.एम.सेठिया एवं आदर्श को–ऑपरेटिव बैंक के प्रबंध निदेशक श्री नरेन्द्र सिंह डाबी द्वारा भाग लिया गया। इन्होंने अरबन बैंकों से संबंधित प्रस्ताव बजट में सम्मिलित किये जाने बाबत पत्र प्रस्तुत किया।

- 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सभी को शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

- 25 जून को फैडरेशन अध्यक्ष महोदय द्वारा फैडरेशन कार्यालय का विजिट किया एवं रजिस्ट्रार महोदया से चर्चा के बिन्दु तैयार किये गये। इसके बाद अध्यक्ष श्री मोहन पाराशर एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री एम. एल.शर्मा ने रजिस्ट्रार महोदया से व्यक्तिशः भेंट कर अरबन बैंकों के कार्यों में आ रही बाधक समस्याओं के समाधान हेतु पत्र प्रस्तुत किया।

- 26 जून को भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा आयोजित टैफकब की बैठक में फैडरेशन अध्यक्ष श्री मोहन पाराशर एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री एम. एल. शर्मा द्वारा भाग लेकर संबंधित बैंकों का पक्ष प्रस्तुत किया गया। बैठक के दौरान फैडरेशन अध्यक्ष द्वारा अरबन बैंकों में अंकेक्षक की नियुक्ति वाले विषय को पुरजोर से उठा कर शीघ्र कार्यवाही हेतु निवेदन किया गया। नेफकब अध्यक्ष श्री लक्ष्मीदास जी द्वारा अरबन बैंकों में लगे हुए प्रशासकों के स्थान पर संचालक मंडल के चुनाव कराने पर जोर दिया।

- 26 जून को नेशनल फैडरेशन ऑफ अरबन को–ऑपरेटिव बैंक्स एण्ड क्रेडिट सोसायटीज (नेफकब) के अध्यक्ष श्री लक्ष्मीदासजी ने फैडरेशन कार्यालय का विजिट किया। फैडरेशन अध्यक्ष श्री मोहन पाराशर, मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री एम.एल.शर्मा, प्रबंधक श्री प्रहलाद गुप्ता एवं एक्जीक्यूटिव श्री भुवनेश अग्रवाल द्वारा पुष्प वर्षा एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

- आपके फैडरेशन के प्रयासों से 28 जून को भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रजिस्ट्रार कार्यालय को वैधानिक अंकेक्षक की नियुक्ति बाबत पत्र जारी किया गया। भारतीय रिजर्व बैंक के इस पत्र का हवाला देते हुए संयुक्त मुख्य अंकेक्षक (जनरल), सहकारी समितियां, राजस्थान द्वारा वैधानिक अंकेक्षक की नियुक्ति को नियमित करने संबंधी पत्र जारी किया। इस कार्य में नेफकब अध्यक्ष श्री लक्ष्मीदास जी, राज्य सभा सांसद एवं जोधपुर नागरिक सहकारी बैंक के अध्यक्ष श्री राजेन्द्र गहलोत तथा फैडरेशन के उपाध्यक्ष श्री सतीश सरीन की विशेष भूमिका रही। इस प्रकार वित्तीय वर्ष 2023–24 के ऑडिट से संबंधित प्रकरण का समाधान हो गया है।

दि राजस्थान अरबन को–ऑपरेटिव बैंक्स फैडरेशन लि0, जयपुर द्वारा अपने सदस्य बैंकों को आंतरिक वितरण हेतु प्रकाशित